मुठभेड़ | मध्यप्रदेश पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान में एक और बड़ी सफलता

# मृत नक्सलियों के पास थे घातक हथियार



▶ पचामादादर-कटेझिरिया जंगल सर्चिंग ऑपरेशन में पुलिस ने नक्सलियों के विरुद्ध की ताबड़तोड़ कार्यवाही

**नवभारत, बालाघाट।** केन्द्र एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा मार्च 2026 तक भारत को वामपंथी अतिवाद की समस्या से मुक्त कराने के उद्देश्य से अपनाई गयी बहुआयामी रणनीति के अंतर्गत मध्यप्रदेश पुलिस ने दिनांक 14 जून को बालाघाट जिले में बड़ी मुठभेड़ में माओवादियों के एम.एम.सी. जोन (मध्यप्रदेश महाराष्ट्र छत्तीसगढ़) के 56 लाख के ईनामी जी.आर.बी. डिवीजन के 01 पुरुष तथा 03 हार्डकोर महिला नक्सलियों को मार गिराया। थाना रुपझर, चौकी सोनेवानी अन्तर्गत पचामादादर-कटेझिरिया जंगल क्षेत्र में जी.आर.बी. डिवीजन के नक्सलियों के एक समूह की उपस्थिति की आसूचना के आधार पर हॉक फोर्स, जिला पुलिस, कोबरा फोर्स व सीआरपीएफ बल द्वारा 13 एवं 14 जून की मध्य रात्रि से लगातार पचामादादर कटेझिरिया जंगल क्षेत्र में सर्चिंग ऑपरेशन चलाया गया। नक्सलियों द्वारा उक्त सर्चिंग आपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों को हताहत करने एवं उनके हथियार लूटने की नियत से पुलिस बलों पर अंधाधुंध फायरिंग की गई। सुरक्षा बलों के द्वारा अपनी जान की परवाह ना करते हुये अदम्य साहस का परिचय देते हुये नियंत्रित जवाबी फायरिंग की गई। इस कार्यवाही में 04 हार्डकोर माओवादियों को मार गिराने में सफलता प्राप्त हुई। मुठभेड़ के दौरान अन्य नक्सली भी घायल हुए हैं, उनकी तलाश हेतु सीआरपीएफ, हॉक फोर्स, कोबरा फोर्स व जिला पुलिस बल के द्वारा क्षेत्र में बड़े स्तर पर सघन सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। मध्यप्रदेश में वर्ष 2025 में 14 जून तक 10 हार्डकोर माओवादियों को मुठभेड़ में ढेर किया गया है, जो पिछले वर्षों की तुलना में सर्वाधिक माओवादियों को ढेर किये जाने की संख्या है। इससे पूर्व वर्ष 2022 में एक वर्ष में सर्वाधिक 06 नक्सलियों को ढेर किया गया था। मप्र पुलिस मार्च 2026 तक नक्सलवाद के उन्मूलन हेतु प्रतिबद्ध है। नक्सलियों को स्पष्ट संदेश भी है कि वे हिंसा का रास्ता छोड़ आत्मसमर्पण कर सम्मानपूर्वक आम जीवन व्यतीत करें। मुठभेड़ में मारे गए चारों नक्सलियों के विरुद्ध म.प्र. में कुल 102 अपराध दर्ज है।

### जप्त सामग्री

जप्त सामग्री में हथियार ग्रेनेड लान्चर- 01, स्क्रायफल मय मैग्जीन कारतूस-01, .315 रायफल मय कारतूस-02, एक अन्य रायफल शामिल है। वहीं विस्फोटक जिंदा हेण्ड ग्रेनेड 01, डेटोनेटर, डेटोनेटर वायर, आई.ई.डी. निर्माण सामग्री जब्त की गई है। इसके साथ ही संचार साधन वॉकी-टॉकी सेट व अन्य संचार के उपकरण तथा अन्य सामग्री में 10 नग पिट्ठू बैग, 10 नग बिंडोरी पाउच, नक्सल साहित्य, दैनिक उपयोग की सामग्री, टेंट इत्यादि सामग्री जब्त की गई है।

### मृतक नक्सलियों का विवरण

56 लाख के इनामी नक्सलियो में नवेझरी तहसील कोरची महाराष्ट्र से नक्सली रीता उर्फ तुब्बी श्रीरांगु हिडामी, पश्चिम बस्तर छत्तीसगढ़ से रवि, तुलसी उर्फ विमला उर्फ इमला, तथा सुमन शामिल है। इन चारों हो नक्सलियों पर 14-14 लाख की इनामी राशि घोषित की गई थी।




# वर्षाकाल में भी टाईगर रिजर्व में पर्यटकों की चहल-पहल व इंटरेस्ट की गतिविधियां होगी प्रारम्भ

▶ कान्हा टाइगर रिजर्व में एमपीटीबी की दो दिवसीय कार्यशाला

**नवभारत, बालाघाट।** कान्हा टाइगर रिजर्व सहित राज्य के सभी नेशनल पार्कों में सफारी के अलावा पर्यटन के अनुभव बढ़ाने, वर्षा ऋतु में पार्कों के बंद हो जाने के बाद पर्यटन को नई दिअहा देने के लिए मंडला स्थित मोचा में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कान्हा टाइगर रिजर्व के एमपीटी के बघीरा रिसॉर्ट में पर्यटन विकास के लिए पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ल के मार्ग दर्शन में आयोजित कार्यशाला में वाइल्ड लाइफ हैबिटेट में सस्टेनेबल ट्रैकिंग प्रैक्टिस, एडवेंचर एक्टिविटीज इंश्योरेंस, वेलनेस टूरिज्म, स्काई गेजिंग और साइकिल सफारी आदि विषयों पर हितधारकों से शनिवार और रविवार दो दिवसों में चर्चा हुई। दो दिनों तक चले इस मंथन में जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कोमट, कान्हा वन मंडल बफर जोन उप संचालक अमिता के, एमपीटीबी के साहसिक खेल विभाग के संयुक्त संचालक डॉ एस के श्रीवास्तव, बिछिया की एसडीएम सोनाली देव, यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक के वरिष्ठ अधिकारी रविशंकर और होटल-लॉज संघ, कान्हा के अध्यक्ष तरुण भाटी कार्यशाला का में शामिल हुए। कान्हा नेशनल पार्क के बफर जोन की उप संचालक अमिता के ने पीपीटी के माध्यम से इको तथा रिस्पांसिबल टूरिज्म पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थानीय लोगों की आय में वृद्धि कर सकता है। डॉ. एसके श्रीवास्तव ने बताया कि ग्लोबल सस्टेनेबल टूरिज्म काउंसिल ने पचमढ़ी को ग्रीन डेस्टिनेशन के रूप में प्रमाणित किया है। यह प्रदेश के पर्यटन विकास के दृष्टिकोण से बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि धार कुच्छी से गुजरात के स्टैचू ऑफ यूनिटी तक क्रूज सेवा जल्द आरंभ होगी। उन्होंने अपने प्रजेंटेशन में प्रदेश में सफलता पूर्वक संचालित स्काई डाइविंग जैसी गतिविधियों के बारे में बताया। प्रदेश अब साहसिक खेलों के लिए देश विदेश में नाम कमा रहा है उन्होंने अप्रैल माह में मंडला जिले में सफलता पूर्वक संचालित झील महोत्सव के बारे में बताया। साहसिक खेलों को बरगी बांध में संचालित करने के लिए एमपीटीबी ने जबलपुर के स्पोर्ट्स स्टूडियो के संचालक आशीष अग्रवाल को लायसेंस प्रदान किया है। यह इस बात को प्रमाणित करता है कि पर्यटन बोर्ड पीपीपी मॉडल के माध्यम से भी आगे बढ़ रहा है। पर्यावरण संरक्षण के साथ पेंच और अलीराजपुर में ट्रैकिंग करा रहे इंडिया हाइक्स के प्रमुख नीतेश कुमार जे ने बताया कि उनके साथ ट्रैकिंग करने वाले कचरा एकत्र करने एक थैला रखकर चलते हैं। भोपाल से आए फिल्म और डॉक्यूमेंट्री निर्माता निशांत कपूर ने वाइल्ड लाइफ को आकार देने फिल्मों की भूमिका विषय पर प्रकाश डाला। फिल्म निर्माता और वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर फरहान खान की डॉक्यूमेंट्री दिखाई गईं।

इस अवसर पर एडवेंचर इंश्योरेंस कंपनी एएससी 360 की प्रमुख पूजा सिंघल, साइकिल सफारी का। संचालन कर रहे रोहित त्रिवेदी तथा सायरन्स स्पोर्ट्स के राहुल शर्मा ने भी अपने विचार रखे।

इस अवसर पर एमपीटीबी के सलाहकार के के सिंह, परियोजना अधिकारी अवनीश यादव, पर्यटन प्रबंधक जबलपुर तरुण मिश्र तथा पर्यटन प्रबंधक बालाघाट रत्नदीप आदि उपस्थित रहे। एमपीटीबी के डॉ श्रीवास्तव ने बताया कि टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध निदेशक श्री शुक्ल का मानना है कि कान्हा नेशनल पार्क तक जल्द पहुंचने के लिए बोर्ड जल्द ही जबलपुर से कान्हा तक हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करेगा। कान्हा में मोचा या खटिया गेट के निकट हेलिपैड का निर्माण होगा।

# बस का टायर फटने के कारण एमआरएफ टॉयर कंपनी पर प्रकरण दर्ज

नवभारत, बालाघाट। बालाघाट निवासी श्याम कौशल पिता किशोरी लाल कौशल वार्ड नं. 15 गौली मोहल्ला बालाघाट तहसील व जिला बालाघाट द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग बालाघाट में प्रकरण दर्ज कराया है आवेदक श्याम कौशल ने अनावेदक क्रमांक 1 भाटिया टॉयर हाउस जबलपुर एवं निर्माता कंपनी एम.आर.एफ. टॉयर लिमिटेड चेन्नई को पक्षकार बनाया है आवेदक ने भाटिया टॉयर हाउस जबलपुर से दो टॉयर रेडियल ट्यूब लैक्स जिसका मॉडल नं. MRF 295/80 R22.5 MRFSIM4 जिसका एक टॉयर नं. 70184531125 एवं दूसरा टॉयर नं. 70401550925 प्रति टॉयर 24000/- से दो नग कूल राशि 48000/- अड़तालिस हजार रूपये बिल नं. क्र्ञ II/2874/25-26 दिनांक 02/05/2025 से खरीदा था। जिसकी अनावेदक क्रमांक 1 द्वारा वारंटी एक वर्ष की प्रदान की गई थी। जिसका भुगतान आवेदक के खाते से 48000/- ऑनलाईन दिनांक 02/05/2025 को किया गया था। उपरोक्त टॉयर बस क्रमांक एम 50 जेड.ई. 4954 में विधिवत मशीन द्वारा लगाया गया था जो कि बस बालाघाट से भोपाल के लिये 02/05/2025 को रात्रि 11:00 बजे दोनों नये टॉयर जो कि बस में सही तरीके से लगे थे सिवनी व चौरई के मध्य रात 2:00 बजे मात्र 160 किमी. की दूरी तय करने के बाद अनावेदक क्रमांक 1 से लिया गया एक टॉयर जिसका नं. 70401550925 चलती वाहन में कुछ ही घंटे बाद फूट गया। ड्राईवर द्वारा वाहन में रखे अन्य स्टेपनी टॉयर को बस में लगाकर भोपाल की ओर रवाना किया। एम.आर.एफ. कंपनी के टॉयर जो कि प्रदान किया गया था कंपनी के डीलर एवं कंपनी को सुचित करने के दौरान आवेदक को टॉयर बदलकर नहीं दिये जाने पर सेवा में कमी मानते हुये आवेदक ने स्वयं उपस्थित होकर जिला उपभोक्ता आयोग बालाघाट में प्रकरण दर्ज किया है तथा कंपनी से नया टॉयर या एक फूटे हुये टॉयर की कीमत 24000/- तथा मानसिक शारीरिक एवं आर्थिक परेशानी के 50000/- रूपये एवं अन्य अनुतोष जिला उपभोक्ता आयोग बालाघाट के अध्यक्ष श्री श्यामाचरण उपाध्याय, सदस्य द्वय श्री महेश कुमार चांडक एवं श्रीमति हर्षा विजेवार की बैंच के समक्ष प्रस्तुत किया हैं। जिला उपभोक्ता आयोग बालाघाट द्वारा सुनवाई हेतु दिनांक 24/06/2025 निर्धारित की गई है।

### आदिवासी अधिकारों और भयमुक्त सुशासन की मांग बुलंद

**मंडला नभाप्र.** जन संघर्ष मोर्चा महाकौशल द्वारा 9 जून से 24 जून तक निकाली जा रही जन स्वाभिमान यात्रा मंडला जिले के मवई ब्लॉक के पनारी खेड़ा गांव पहुंची, जहाँ ग्रामीणों ने यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। यह यात्रा धरती आबा बिरसा मुंडा की शहादत दिवस पर बालाघाट से शुरू हुई थी और रानी दुर्गावती की पुण्यतिथि तक चलेगी। 9 जून को बालाघाट से शुरू हुई यह यात्रा जो आदिवासी समुदायों के जल, जंगल और जमीन के अधिकारों की रक्षा, उनकी पुर्नस्थापना और ग्रामीण क्षेत्रों में भयमुक्त शांति व सुशासन के माहौल को स्थापित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है।



# महेश सहारे ने की कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद की दावेदारी

**नवभारत,बालाघाट।** आदिवासी गोवारी समाज के प्रदेशाध्यक्ष और कांग्रेस कार्यकर्ता, महेश सहारे ने, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद के लिए अपना दावा ठोंका है।दरअसल, जिले में कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से पर्यवेक्षक बनकर आए सूरज हेगड़े और पीसीसी पर्यवेक्षक नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, जिले में कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद के लिए दावेदारों, नेताओं और कार्यकर्ताओं से चर्चा करने पहुंचे है। हालांकि नेता प्रतिपक्ष, गत दिवस जिले से रवाना हो चुके है, लेकिन निर्धारित कार्यक्रम के तहत एआईसीसी पर्यवेक्षक हेगड़े, यही जिले में नेताओं से रायशुमारी कर रहे है। बालाघाट में एआईसीसी पर्यवेक्षक सूरज हेगड़े और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के समक्ष, कांग्रेस कार्यकर्ता महेश सहारे ने दावा ठोंका। बीते विधानसभा चुनाव में कटंगी में आयोजित सभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से सदस्यता ली थी। हालांकि महेश सहारे को संगठनात्मक और राजनीति का लंबा अनुभव है, कांग्रेस में आने से पहले, वह सपा में दो बार जिलाध्यक्ष रह चुके है, यही नहीं जिले के कटंगी विधानसभा से वह सपा प्रत्याशी के रूप में विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके है। जिससे साफ है कि उनके पास संगठन और राजनीति का अच्छा खासा अनुभव है।

वर्तमान में कांग्रेस के निष्ठावान सिपाही के रूप में वह कांग्रेस के हर कार्यक्रमो में कंधे से कंधा मिलाकर, पार्टी के लिए काम कर रहे है, उन्हें, पिछड़ा वर्ग, आदिवासी, दलित और अल्पसंख्यको के हक और अधिकार के लिए लड़ने के चलते, लोग उन्हें संघर्षवान व्यक्तित्व के रूप में भी देखते है।

### मंडला में सनातनी हुए एकजुट

**मंडला नभाप्र.** मंडला में शनिवार को सनातनियों का महासभा का आयोजन किया गया, जिसमें सनातन महासंघ के संस्थापक गौतम खट्टर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सनातनियों से अपील की कि धर्म समाज और हिंदुत्व के लिए काम करने वाला व्यक्ति ही सच्चा सनातनी है। खट्टर ने इस बात पर जोर दिया कि बच्चों को केवल संस्कार ही नहीं, बल्कि धर्म और समाज से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी भी देनी होगी। अपने उद्बोधन में गौतम खट्टर ने कहा कि सच के मार्ग पर चलने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, लेकिन इसका परिणाम सदैव संतोषजनक होता है। रक्तदान दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम का जिक्र करते हुए उन्होंने इसे प्रेरणादायक बताया। उन्होंने देश में व्याप्त ऊंच-नीच, जात-पात और छुआछूत के मकड़जाल से बाहर निकलने और सभी सनातनियों को एक मंच पर आने का आह्वान किया। भगवान राम के आदर्शों का अनुसरण करने और भगवत गीता के सार को जीवन में अपनाने पर भी उन्होंने बल दिया।



# साहू समाज संगठन की ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन

**नवभारत, किरनापुर।** गायत्री मंदिर सोनपुरी किरनापुर मे तेली साहू समाज संगठन की आवश्यक बैठक संगठन के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मानवटकर की अध्यक्षता एवं जिला उपाध्यक्ष हीरालाल बावनकर, जिला सचिव संतोष समरित, जिला प्रवक्ता के के बावनकर, लालबर्रा ब्लॉक सचिव जयराम कावड़े की प्रमुख उपस्थित मे आयोजित की गई। इस बैठक मे जिला अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मानवटकर द्वारा समाज हित मे समाज संगठन को आगे बढ़ाने तथा जिला स्तर पर रचनात्मक सामाजिक कार्यों को सम्पन्न करने के संबंध मे विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। तथा ओमकार भेलावे ग्राम कलकत्ता निवासी को तेली साहू समाज संगठन ब्लॉक किरनापुर का अध्यक्ष, कोमलचंद पाटले, कोषाध्यक्ष भजनलाल समरिते, उपाध्यक्ष शिवप्रसाद सूर्यवंशी, डॉ दिनेश मदनकर भालवा, योगेन्द्र समरिते को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर समाज संगठन ब्लॉक अध्यक्ष ओमकार भेलावे ने समाज संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए समाज हित मे कार्य करने की बात कही गई। इस बैठक के दौरान तेली साहू समाज से लिकेश समरिते, डीलेश साठवने, पुनाराम कापसे, मदनलाल समरिते, राजेन्द्र लावाबुरे, लालचंद बारबुदे, सोनेलाल समरित, हेमराज निखाड़े, झाडूलाल समरिते, मोहनलाल लावाबुरे, मारोती लावाबुरे, संतोष मदनकर सहित अनेक सामाजिक बंधुओं की मौजूदगी रही।

तैयारी | 16 से 20 जून तक होगा पूर्व अभ्यास कार्यक्रम

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को, बैठक का हुआ आयोजन

**नवभारत, बालाघाट।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 के अवसर पर, जिला प्रशासन, जिला योग आयोग समिति बालाघाट द्वारा स्थानीय सर्किट हाउस में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 के पूर्व अभ्यास करने के उद्देश्य से , नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, पूर्व नगर पालिका रमेश रंगलानी , मौसम बिसेन युवा नेत्री,महेश खजांची गायत्री परिवार, सुरेश बागरेचा जी, अर्जुन सनोडीया, हेमा वाधवानी जी, महेंद सुराना,जिला योग आयोग के अध्यक्ष श्री तपेश असाटी जी सहित स्वयंसेवी संस्थाएं समाजसेवियों की उपस्थिति में आयोजित की गई। जिसमें समुदाय को इस योगाभ्यास में जोड़ने पर विचार किया गया, बैठक में युवा नेत्री मौसम बिसेन जी ने कहां कि आज हमें लोगों को योग के महत्व को बताना होगा और योग दिवस के पूर्व इस प्रकार के अभ्यास से एक अच्छा वातावरण बनेगा। और वर्ष भर हमें योग को करना होगा। हमें लोगों को योग के महत्व पर हम प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने इसी योगाभ्यास में ज्यादा से ज्यादा लोगों के शामिल होने की अपील की। एसडीएम श्री गोपाल सोनी जी ने प्रशासन द्वारा योग दिवस की तैयारियां के बारे में बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया जाना है। सभी संस्थाएं इसमें शामिल होगी। योग दिवस के पूर्व योगाभ्यास से जनमानस प्रशिक्षित होंगे।जिसमें भारत



स्वाभिमान ट्रस्ट, योग समिति के सदस्य, समाज के विभिन्न वर्गो, आयुष विभाग, जिला प्रशासन,सामाजिक संगठन, योग संस्थाओं को जोड़कर भव्य रूप से आयोजित करने के साथ, समुदाय को जोड़ने का निर्णय लिया गया है। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारतीय ठाकुर जी, गायत्री परिवार के महेश खजांची जी, पूर्व अध्यक्ष रमेश रंगलानी जी, सहित स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि ने भी इस योग दिवस को भव्य रूप से मनाने के बारे में अपने विचार रखें। *16 जून से 20 जून तक होगा योगाभ्यास* जिला योग आयोग के अध्यक्ष श्री तपेश असाटी ने बताया कि इस बार के योग दिवस के अवसर पर जिला योग आयोग समिति द्वारा भी इस उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है साथ ही 16 जून से लेकर 20 जून तक सुबह 6 बजे से 7 बजे तक स्थानीय मूलना स्टेडियम में पूर्व अभ्यास कार्यक्रम समुदाय ,युवा महिलाएं और संस्थाओं, सर्व समाज के साथ किया जा रहा है। साथ ही इसी को लेकर जिला प्रशासन बालाघाट द्वारा दिनांक 17 जून को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय में विभिन्न सामाजिक संगठन, के प्रतिनिधि की बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक में एसडीएम गोपाल सोनी, तहसीलदार वंदना कुशराम, मीना चावड़ा जी शिविर प्रभारी, पूजा अग्रवाल नगर अध्यक्ष योग आयोग समिति बालाघाट, हेमा वाधवानी अध्यक्ष महिला मोर्चा, पूरन सिंह भाटिया, डी.पी. रहांगडाले , राजकुमार सरोते ,श्री अर्जुन सनोडीया भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, श्री हेमराज पटले पतंजलि समिति, श्री दशरथ बिसेन योग समिति , श्री दीपक गिरी जिला क्रीड़ा अधिकारी , के.के.कुशवाह जिला योग प्रभारी,श्री आशीष मिश्रा, श्री श्रेयांश वैध, बरखा नाग समाजसेवी, सुधीर तोमर प्रशिक्षक पुलिस वालीबॉल अकैडमी, मीना चावड़ा , शैलेंद्र यादव, छबिंद्र सोनेकर,अजय ठाकुर, जूहिता परमार,मोनिका गर्दे, साधना दुबे, नेहा जसेठिया, पायल सावलानी , मीणा धुवारे मराठा कलार समाज अध्यक्ष, डॉ दीपाली आयुष विभाग, भूपेंद्र सिंह उईके , भीकम चौहान, ओम दमाहे,सहित जिला योग आयोग के सदस्य, पतंजलि समिति, भारत स्वाभिमान के सदस्य उपस्थित थे।



# संभागायुक्त धनंजय ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

**मंडला नभाप्र.** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने विकासखण्ड नारायणगंज और बीजाडांडी के दौरे पर पहुंचे। जहां उन्होंने नारायणगंज सीएचसी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की ओपीडी और पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एनआरसी के निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि एनआरसी में भर्ती सभी बच्चों का बेहतर उपचार करें, डिस्चार्ज के बाद भी संबंधित बच्चों का लगातार फॉलोअप कराएं, जिससे बेहतर परिणाम प्राप्त हों। संभागायुक्त ने 100 दिवसीय निःक्षय भारत अभियान के दौरान नारायणगंज में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए सेम्पलिंग आदि कार्यों की जानकारी लेते हुए कहा कि चिन्हित मरीजों का समुचित उपचार किया जाए। उन्होंने नारायणगंज स्वास्थ्य टीम द्वारा इस अभियान के तहत किए गए प्रयासों और उनके कार्यों की जानकारी ली। संभागायुक्त ने ग्राम धनवाही में निर्माणाधीन आईटीआई एवं ग्राम कालपी में निर्माणाधीन महर्षि सांदीपनि स्कूल भवन का निरीक्षण किया।